प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 22.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के राजमहल, शंकरपुर और गोविंदपुर रोड स्टेशन समेत 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का किया उद्घाटन, कहा–मजबूत हो रहा विकसित भारत बनाने का संकल्प ।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा –भारतीय सेना के शौर्य से पस्त हुआ पाकिस्तान, नया भारत आतंकवाद को देगा करारा जवाब..
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम चार बजे कैबिनेट की बैठक, कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिल सकती है स्वीकृति ।
4. राज्य में दुमका, रांची, जमशेदपुर और पलामू में स्थापित होगी टेस्टिंग लैब, दवाओं और खाद्य पदार्थों की होगी त्वरित जांच।
5. अंतराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस आज, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी शुभकामनाएं, इस वर्ष का विषय– प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देशभर में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक सौ तीन अमृत भारत स्टेशन का वर्चुअल माध्यम से उदघाटन किया। इस योजना में झारखंड के तीन रेलवे स्टेशन राजमहल रेलवे स्टेशन, गोविंदपुर रोड और देवघर स्थित शंकरपुर रेलवे स्टेशन शामिल हैं। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा है कि देश विकसित भारत के संकल्प के साथ मजबूती से आगे बढ़ रहा है।

खूंटी में गोविंदपुर रोड स्टेशन के वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम का विस्तृत ब्यौरा दे रही हैं हमारी संवाददाता

इधर आसनसोल मंडल स्थित देवघर जिला का शंकरपुर रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कायाकल्प किया गया है।

साहेबगंज जिले के राजमहल रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिकीकरण किया गया है ।

********************

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेलवे के बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत सहित नई पीढ़ी की ट्रेनें भी शुरू की हैं।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारतीय सेना के शौर्य से पाकिस्तान पस्त हुआ है। राजस्थान में विकास योजनाओं के उद्घाटन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि नये भारत में आतंकवाद को अब करारा जवाब मिलेगा।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम चार बजे प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की बैठक होगी। झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्यहित में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति मिल सकती है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल 11 जुलाई से शुरू होने वाले देवघर श्रावणी मेला को लेकर उच्चस्तरीय बैठक करेंगे। बाबा बैद्यनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकार के तहत यह बैठक दिन के 12 बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। इस बैठक में मेले की तैयारी को लेकर सभी बिंदुओं पर चर्चा होगी।

********************

बजट सत्र के दौरान सदस्य चंद्रदेव महतो और सदस्य अरूप चटर्जी के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना मामले पर गठित विशेष समिति की कल विधानसभा स्थित समिति कक्ष में बैठक हुई।

********************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर जामताड़ा जिले के प्रखंड क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया । इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर पैदल मार्च किया। तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जवानों की जवाबी कार्रवाई , साहस और शौर्य को नमन किया ।

********************

कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र ने खूंटी जिले के 15 स्वयं सहायता समूहों को आधुनिक कृषि यंत्रों का वितरण किया। इन यंत्रों के माध्यम से 250 से अधिक समूह के सदस्य लाभान्वित होंगे। वैज्ञानिकों द्वारा यंत्रों के उपयोग एवं उनके लाभ के बारे में समूह के सदस्यों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। केंद्र के अध्यक्ष डॉ दीपक राय ने किसानों को नई तकनीकों को अपनाने और कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़कर तकनीकी ज्ञान अर्जित करने की अपील की।

********************

कोडरमा जिले के कोडरमा थाना क्षेत्र में सुबह ऑटो और पिकअप वाहन की जोरदार टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी। वहीं सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप से ऑटो की टक्कर से यह हादसा हुआ।

********************

गुमला जिला प्रशासन ने डुमरी प्रखंड के दूरस्थ क्षेत्रों में शामिल औरापाठ गाँव को प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाभियान के अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत प्राथमिकता सूची में शामिल किया है ।

********************

राज्य सरकार ने नकली दवाइयों के कारोबार पर कड़ा एक्शन लिया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने 300 महत्वपूर्ण दवाओं के लिए क्यू आर कोड अनिवार्य कर दिया है। साथ ही कहा कि जल्द 0ण्ही दुमका, रांची, जमशेदपुर और पलामू में अत्याधुनिक फूड और मेडिसिन टेस्टिंग लैब स्थापित किए जाएंगे।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर राज्यवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में समस्त विश्व जलवायु परिवर्तन की समस्या से ग्रस्त है, ऐसे जैव विविधता का संरक्षण नितांत आवश्यक है। इस वर्ष अंतरर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का विषय प्रकृति के साथ सामन्जस्य और सतत विकास है।

*******************